ये तो तेरी कृपा है | By Brij Rasik Maharani Sakhi Ji

सेवा में है लगाया ये तो तेरी कृपा है
अपना हमें बनाया ये तो तेरी कृपा है
सेवा में है लगाया........

फिरते थे गाते गाते नहीं पूछता था कोई
गाया राधा राधा जबसे किस्मत जगा दी सोइ
किस्मत जगा दी सोइ ....
जीवन मेरा सजाया ये तो तेरी कृपा है
अपना हमें बनाया ये तो तेरी कृपा है
सेवा में है लगाया........

कभी सोचते हैं लाडो मिलती जो तुम हमें ना
क्या होता फिर हमारा सुनती जो तुम हमें ना
सुनती जो तुम हमें ना..........
हमें गोद में बिठाया ये तो तेरी कृपा है
अपना हमें बनाया ये तो तेरी कृपा है
सेवा में है लगाया........

दर ये तेरा ना छूटे इतना ही मांगती हूँ
महारानी तुम हमारी इतना ही जानती हूँ
इतना ही जानती हूँ..........
मुझ जैसी को निभाया ये तो तेरी कृपा है
अपना हमें बनाया ये तो तेरी कृपा है
सेवा में है लगाया........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-brij-rasik-maharani-sakhi-ji/